दिनांक- 19.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 227/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 19.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 19.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 228/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल नगर - थाना खन्ना

## थाना खन्ना पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 19.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खन्ना श्री धर्मेन्द्र सिंह द्वारा गठित उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह मय हमराह हे0कां0 प्रवीण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रामफल पुत्र स्वं0 गोरेलाल निवासी ग्राम लरौंध थाना विवांर जनपद हमीरपुर सम्बन्धित केस नं0 835/06 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट में मा0 न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन मजिस्ट्रेड प्रथम श्रेणी मौदहा हमीरपुर द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त -

रामफल पुत्र स्वं0 गोरेलाल निवासी ग्राम लरौंध थाना विवांर जनपद हमीरपुर

### गिरफ्तार करने वाली टीम प्रथम -

1.उ0नि0 लक्ष्मीनारायण सिंह

2. हे0का0 प्रवीण कुमार



# महोबा पुलिस

दिनांक- 19.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 229/26

## सर्किल चरखारी - थाना श्रीनगर

## महोबा पुलिस की तत्पर कार्यवाही से एक गुमशुदा व्यक्ति सकुशल बरामद, वैधानिक कार्यवाही उपरांत परिजनों के सुपुर्द...।

जनपद महोबा में गुमशुदा व्यक्तियों की तलाश एवं उनकी सकुशल बरामदगी हेतु प्रभावी अभियान “ऑपरेशन खोज” निरंतर संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री प्रवीन सिंह के नेतृत्व में थाना श्रीनगर पुलिस टीम द्वारा सराहनीय कार्य करते हुए दिनांक 18.06.2026 को एक गुमशुदा व्यक्ति को सकुशल बरामद किया गया।

थाना श्रीनगर पर पंजीकृत गुमशुदगी क्रमांक 38/25 से संबंधित सुनील विश्वकर्मा पुत्र सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, निवासी मोहल्ला बजरंग कालोनी कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा, जो कुछ समय से गुमशुदा चल रहा था, को थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी के उपरांत गुमशुदा व्यक्ति के परिजनों को तत्काल सूचित किया गया तथा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर गुमशुदा को उसकी बहन अंशिका विश्वकर्मा पुत्री सुरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा निवासी मोहल्ला बजरंग कालोनी कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा के सुपुर्द/रुखसत किया गया।

गुमशुदा व्यक्ति की सकुशल बरामदगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस की सक्रियता, संवेदनशीलता एवं त्वरित कार्यवाही की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

**बरामदगी करने वाली पुलिस टीम–**

1.उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल

2.हे0कां0 शिवदयाल



दिनांक- 19.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 230/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ - थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 19.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित उ0नि0 हरीशंकर यादव मय हमराह कां0 विक्की चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त रमेश यादव पुत्र अमोल सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 कठवरिया कस्बा व थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा सम्बन्धित केश नं0 312/2024 धारा 8/20 NDPS ACT में मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट कुलपहाड द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को बस स्टैण्ड कुलपहाड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

रमेश यादव पुत्र अमोल सिंह उम्र करीब 25 वर्ष निवासी मु0 कठवरिया कस्बा व थाना कुलपहाड जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1.उ0नि0 हरीशंकर यादव

2.कां0 विक्की चौधरी



दिनांक- 19.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 231/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ - थाना पनवाड़ी

## मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से गुमशुदा युवती सकुशल बरामद, काउंसलिंग उपरांत परिजनों के साथ भेजा गया।

आवेदक द्वारा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा पर गुमशुदगी नं0 05/26 के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी, जिसमें पीड़िता महर देवी पुत्री स्व0 देवीदीन निवासी ग्राम महुआ इटौरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा के कहीं चले जाने की सूचना दी गई थी।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी अभियान "ऑपरेशन खोज" के क्रम में आज दिनांक 19.06.2026 को उक्त गुमशुदा युवती को सकुशल बरामद किया गया।

बरामदगी उपरांत युवती को थाना पनवाड़ी पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र लाया गया, जहां उसकी काउंसलिंग कर आवश्यक बयान अंकित किए गए।

काउंसलिंग उपरांत युवती को उसके बड़े भाई शेरसिंह पुत्र स्व0 देवीदीन निवासी ग्राम महुआ इटौरा थाना पनवाड़ी जनपद महोबा एवं अन्य परिजनों को सकुशल एवं सम्मानपूर्वक सुपुर्द किया गया।

गुमशुदा युवती की सकुशल बरामदगी एवं सुरक्षित सुपुर्दगी पर परिजनों द्वारा महोबा पुलिस एवं मिशन शक्ति टीम की संवेदनशीलता, सक्रियता एवं त्वरित कार्यवाही की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया।

उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल एवं महिला सुरक्षा/सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम है।



दिनांक- 19.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 232/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ - थाना महोबकंठ

## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध देशी शराब के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 19.06.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री विनोद कुमार द्वारा गठित टीम उ0नि0 बृजेश चतुर्वेदी मय हमराह हे0कां0 जंगबहादुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त मुन्नालाल अहिरवार पुत्र घसीटा अहिरवार उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा जिसके कब्जे से एक बोरी में 19 अदद क्वार्टर झूम ब्राण्ड नाजायज बरामद करते हुये ग्राम सौरा के पास से नियममानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 85/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम -**

1.उ0नि0 बृजेश चतुर्वेदी

2.हे0कां0 जंगबहादुर

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

मुन्नालाल अहिरवार पुत्र घसीटा अहिरवार उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम सौरा थाना महोबकंठ जनपद महोबा

